उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 520/2022 दिनांक /Date.: 17.06.2022

संवाद–233

विषय:– जनपद–रूद्रप्रयाग में पुलिस आरक्षी व अन्य पदों हेतु गतिमान पुरूष अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा की तिथियों में परिवर्तन किये जाने के संबंध में

प्रिय अभ्यर्थियों,

आप अवगत है कि वर्तमान में प्रदेश में पुलिस आरक्षी व अन्य रिक्त पदों पर चयन हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में यह शारीरिक दक्षता परीक्षा जनपद–रूद्रप्रयाग में भी गतिमान है किंतु सम्यक कारणों से पूर्व में निर्धारित तिथियों में संशोधन किया गया है। उक्त संबंध में आयोग कार्यालय के **पत्रांक–518/2022/(अधिसूचना), दिनांक 17.06.2022** जारी की गयी है जिसकी प्रति अभ्यर्थियों के उपयोगार्थ संलग्न कर प्रकाशित की जा रही है।

अतः अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे उक्त अधिसूचना में संशोधित तिथियों को आयोग द्वारा पूर्व में जारी प्रवेश पत्र उनके लिए निर्धारित तिथि को लेकर संबंधित परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

उदाहरण के लिए जिन पुरूष अभ्यर्थियों की परीक्षा पहले दिनांक 20.06.2022 को होनी थी अब वह दिनांक 28.06.2022 को होगी और अभ्यर्थी दिनांक 20.06.2022 के लिए जारी प्रवेश पत्र को लेकर दिनांक 28.06.2022 को उपस्थित होंगे। रिपोर्टिंग टाइम व परीक्षण स्थल वही है (गुलाब राय मैदान) अपने साथ अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र, ID व फोटो आदि भी पूर्वानुसार लेकर पहुंचे।

संलग्नक–यथोपरि।

आयोग की ओर से,
17/6/22
(संतोष बडोनी)
सचिव।

उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठता
राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand
दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 518/2022   दिनांक /Date.: 17.06.2022

।। अधिसूचना।।

विषयः– जिला रूद्रप्रयाग में पुलिस कांस्टेबल पदों पर पुरूष अभ्यर्थियों की शारीरिक माप–जोख व शारीरिक दक्षता परीक्षा की तिथियों में परिवर्तन के संबंध में।

वर्तमान में दिनांक 15.06.2022 से जिला–रूद्रप्रयाग में पुलिस कांस्टेबल पद के लिए शारीरिक माप–जोख व शारीरिक दक्षता परीक्षा संचालित की जा रही है। पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह परीक्षा दिनांक 15.06.2022 से प्रारम्भ होकर दिनांक 02.07.2022 को संपन्न होना था किंतु सम्यक कारणों से दिनांक 20.06.2022 से दिनांक 24.06.2022 कुल 05 दिवसों की भर्ती की तिथियों में निम्नानुसार परिवर्तन किया जा रहा है :–

क.सं.	पूर्व निर्धारित तिथि	संशोधित तिथि
1.	20.06.2022	28.06.2022
2.	21.06.2022	29.06.2022
3.	22.06.2022	30.06.2022
4.	23.06.2022	01.07.2022
5.	24.06.2022	02.07.2022

अतः वे सभी पुरूष अभ्यर्थी जो उपरोक्त तालिका के स्तम्भ–2 की तिथियों के लिए सूचीबद्ध किये गये है व जिनके प्रवेश पत्र भी इन तिथियों के लिए जारी हैं वे स्तम्भ–3 में संशोधित तिथियों को अपना पूर्व में जारी प्रवेश पत्र व अन्य सभी अभिलेखों सहित उसी भर्ती केन्द्र अर्थात गुलाब राय मैदान, रूद्रप्रयाग पर शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

आज्ञा से,

(संतोष बडोनी)
सचिव

संख्या व तिथि उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर पुलिस अधीक्षक, कार्मिक, उत्तराखण्ड पुलिस मुख्यालय, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।
2. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद–रूद्रप्रयाग को इस आशय से प्रेषित कि कृपया भर्ती केन्द्रों को उपरोक्त संशोधित तिथियों से सूचित करने का कष्ट करें।
3. कम्प्यूटर प्रोग्रामर, उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, को इस आशय से कि उक्त अधिसूचना को अभ्यर्थियों के उपयोगार्थ आयोग वेबसाइट पर प्रकाशित करना सुनिश्चित करें।
4. संबंधित पत्रावली।

(संतोष बडोनी)
सचिव

उत्कृष्टता   पारदर्शिता   वस्तुनिष्ठता

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand

दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com